# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली

**अभ्यास प्रश्न-पत्र**

**सत्र: 2024-25**

**कक्षा : 11**

**विषय: राजनीति विज्ञान (028)**

**अवधि: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

## खंड – क (12 Marks)

1. ------------------ भारतीय संविधान का दर्पण है।
   a) संविधान सभा
   b) प्रस्तावना
   c) मौलिक अधिकार
   d) मौलिक कर्तव्य

2. निम्नलिखित तालिका का सही मिलान करें और सही कोड विकल्प चुनें-

| कोलम-ए | कोलम-बी |
|---|---|
| A. संविधान सभा की पहली बैठक | i) 26 जनवरी 1950 |
| B. संविधान अपनाया/अधिनियमित किया गया | ii) 22 जनवरी 1947 |
| C. संविधान का उद्देश्यपूर्ण प्रस्ताव स्वीकार किया गया | iii) 22 नवंबर 1949 |
| D. संविधान लागू किया गया | iv) 9 दिसंबर 1946 |

   कूट -
   a) A-(iii),B-( i ),C-(ii),D-(iv)
   b) A-(ii),B-( i ),C-(iii),D-(iv)
   c) A-(iv),B-(iii),C-(ii),D-( i )
   d) A-(iv),B-(ii),C-(iii),D-( i )

3. भारतीय संविधान सभा की पहली बैठक में उसका अस्थायी अध्यक्ष कौन थे ?
   a) डॉ. राजेंद्र प्रसाद
   b) सच्चिदानंद सिन्हा
   c) डॉ बी आर अम्बेडकर
   d) जवाहर लाल नेहरू

4. 1928 में किस समिति ने अधिकारों की घोषणा की मांग की?
    a) जवाहरलाल नेहरू समिति
    b) मोतीलाल नेहरू समिति
    c) के एम मुंशी समिति
    d) के.कामराज समिति
5. निम्नलिखित प्रश्न में एक कथन अभिकथन (A) है और इसका कारण (R) है। वाक्यों को ध्यान से पढ़ें और नीचे दिए गए सही विकल्प का चयन करें-

    (A) संपत्ति का अधिकार अब मौलिक अधिकार नहीं है

    (R) 1978 में इसे मौलिक अधिकारों की सूची से निकाल दिया गया।

a) अभिकथन और कारण दोनों सही हैं, और कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है।
b) अभिकथन और कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।
c) अभिकथन गलत है लेकिन कारण सही है।
d) अभिकथन सही है लेकिन कारण गलत है।

6. किस मौलिक अधिकार को भारतीय संविधान का हृदय और आत्मा कहा जाता है?

    a) समानता का अधिकार
    b) शोषण के विरुद्ध अधिकार
    c) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार
    d) संवैधानिक उपचारों का अधिकार
7. लोकसभा में बहुमत दल का नेता ____________ होता है।
    a) राष्ट्रपति
    b) प्रधानमंत्री
    c) राज्यपाल
    d) मुख्यमंत्री
8. भारत में किस प्रकार की कार्यपालिका है?
    a) संसदीय
    b) अध्यक्षीय
    c) कुलीन
    d) अराजकतावादी

https://www.evidyarthi.in/

9. नीचे दिए गए कूट से किसी विधेयक पर कानून बनाने की प्रक्रिया का सबसे उपयुक्त क्रम चुनें-

(i) समिति की रिपोर्ट पर चर्चा

(ii) प्रथम वाचन

(iii) दूसरे सदन में प्रक्रिया

(iv) राष्ट्रपति की स्वीकृति

(v) तृतीय वाचन

(vi) द्वितीय वाचन

कूट -

a) (i),(ii),(iii),(iv),(v),(vi)
b) (ii),(vi),(v),(iii),( i ),(iv)
c) (ii),(vi),( i ),(v),(iii),(iv)
d) (vi),(v),(iv),(iii),(ii),( i )

10. भारतीय संसद का निम्न में से कौन उच्च सदन और निम्न सदन के अलावा भी एक भाग है -

a) भारत के मुख्य न्यायाधीश
b) भारत के राष्ट्रपति
c) भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
d) थल सेनाध्यक्ष

11. निम्नलिखित प्रश्न में एक कथन (A) है और इसका कारण (R) है। वाक्यों को ध्यान से पढ़ें और नीचे दिए गए सही विकल्प का चयन करें-

(A)उच्च न्यायालय भी रिट पारित कर सकते हैं।

(R) यह नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करते हैं।

a) अभिकथन और कारण दोनों सही हैं, और कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है।
b) अभिकथन और कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं है।
c) अभिकथन गलत है लेकिन कारण सही है।
d) अभिकथन सही है लेकिन कारण गलत है।

12. भारत का सर्वोच्च न्यायालय ………….. में स्थित है।

a) मुंबई
b) नई दिल्ली
c) कोलकाता
d) चेन्नई

**खंड-ख (12 Marks)**

13. भारतीय संविधान की कोई दो विशेषताएँ लिखिए जो ब्रिटिश संविधान के समान हैं?
14. भारतीय संविधान में दिए गए किन्हीं दो राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों का उल्लेख कीजिए?
15. अध्यक्षात्मक कार्यपालिका का क्या अर्थ है? एक उदाहरण दें।
16. कार्यपालिका के सामूहिक उत्तरदायित्व का क्या अर्थ है?
17. कोई दो साधन बताएं जिनके द्वारा विधायिका,कार्यपालिका को नियंत्रित कर सकता है?
18. भारत की न्यायपालिका की कोई दो विशेषताएँ लिखिए?

**खंड-ग (20 Marks)**

19. भारतीय संविधान के किन्हीं चार स्रोतों का वर्णन कीजिए।
20. 'अभियुक्त' का क्या मतलब है? भारतीय संविधान के अनुसार एक अभियुक्त को दिए गए तीन अधिकारों के बारे में लिखिए?
21. 'हालांकि भारतीय चुनाव प्रणाली में बहुत सारे सुधार किए गए हैं, फिर भी अभी भी कई सुधारों की जरूरत है।' उपयुक्त बिन्दुओं के साथ कथन का समर्थन करें।

अथवा

‘लोकतंत्र में चुनावों का विशेष महत्व है' कथन के समर्थन में बिन्दु लिखिए।

22. 'भारत में निर्वाचन आयोग एक स्वतंत्र और निष्पक्ष संस्था है।' कथन की समीक्षा कीजिए।

अथवा

https://www.evidyarthi.in/

आप लोकतांत्रिक ढंग से अपनी कक्षा का मॉनिटर कैसे चुनेंगे? अपने कक्षा मॉनिटर के चुनाव की प्रक्रिया को संक्षेप में लिखिए।

23.'भारत में वास्तविक शक्ति प्रधानमंत्री के पास है।' किन्हीं चार उपयुक्त टिप्पणियों के साथ कथन का परीक्षण कीजिए।

## **खंड – घ (12 Marks)**

24.निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

एक विशाल लोकतंत्र में कोई भी निर्णय लेने में सभी नागरिक प्रत्येक निर्णय लेने में सीधे भाग नहीं ले सकते। इसीलिए लोग अपने -अपने प्रतिनिधियों को चुनते हैं और इस कारण चुनाव महत्वपूर्ण हो जाता है। जब भी हम एक लोकतंत्र के रूप में भारत के बारे में सोचते हैं तो हमारा ध्यान पिछले चुनावों की ओर जरूर जाता है। चुनाव आज लोकतांत्रिक प्रक्रिया का सबसे प्रत्यक्ष प्रतीक बन गये हैं। हम अक्सर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लोकतंत्र के बीच अंतर करते हैं। प्रत्यक्ष लोकतंत्र वह है जहां नागरिक दिन-प्रतिदिन के निर्णय लेने और सरकार चलाने में सीधे भाग लेते हैं। प्रत्यक्ष लोकतंत्र का एक उदाहरण प्राचीन यूनान का नगर राज्य है। कई लोग स्थानीय सरकारों, विशेषकर ग्राम सभाओं को प्रत्यक्ष लोकतंत्र का निकटतम उदाहरण मानेंगे। लेकिन जब कोई निर्णय लाखों - करोड़ों लोगों को लेना हो तो इस प्रकार का प्रत्यक्ष लोकतंत्र नहीं अपनाया जा सकता। इसीलिए जनता द्वारा शासन का अर्थ आम तौर पर जनता के प्रतिनिधियों द्वारा शासन होता है।

( i ) एक बड़े लोकतंत्र में निम्नलिखित में से क्या कठिन है?

a) प्रत्यक्ष चुनाव
b) अप्रत्यक्ष चुनाव
c) लोकतांत्रिक प्रक्रिया
d) एक सफल चुनावी प्रणाली

(ii) ………………प्रत्यक्ष लोकतंत्र का एक उदाहरण है।

a) प्राचीन यूनान का नगर राज्य/एथेंस
b) मिस्र
c) भारत
d) रूस

(iii) निम्नलिखित में से कौन अप्रत्यक्ष लोकतंत्र का उदाहरण है?

a) ग्राम सभा
b) भारत
c) स्विट्ज़रलैंड
d) प्राचीन एथेंस

(iv) आमतौर पर जनता के प्रतिनिधियों का शासन ही जनता का शासन क्यों माना जाता है?

a) प्रतिनिधि सभी के लिए निर्णय लेते हैं
b) प्रतिनिधि गौण हैं
c) नागरिक गौण हैं
d) प्रतिनिधि प्राथमिक हैं

25. नीचे दिए गए कार्टून का अध्ययन करें और उसके बाद आने वाले प्रश्नों के उत्तर दें---




i) कार्टून में दिखाया गया झंडा किस संगठन का है?
ii) किस दस्तावेज़ को बनाने के प्रयास यहां दिखाया गया है?
iii) यह प्रयास विफल क्यों हुआ?

**नोट- यह प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए है।**

i) किस संगठन के झंडे में बारह सितारे हैं?
ii) यूरोपीय संविधान बनाने का प्रयास किसने किया?
iii) यूरोपीय संविधान बनाने का प्रयास विफल क्यों हुआ?
iv) यूरोपीय संघ किस महाद्वीप से संबंधित है?

https://www.evidyarthi.in/

26. नीचे दिए गए चित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ?



i) इस चित्र में किस मौलिक अधिकार का उल्लंघन दिखाया गया है?

ii) यह मौलिक अधिकार का उल्लंघन क्यों है?

iii) 'बेगार' का क्या मतलब है?

**नोट- यह प्रश्न संख्या 26 के स्थान पर केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए है।**

i) शोषण के विरुद्ध क्या अधिकार है?

ii) 'बेगार' का क्या मतलब है?

iii) इस अधिकार का महत्व क्या है?

iv) इस मामले में क्या कार्रवाई हो सकती है?

## **खंड - ङ.** (24 Marks)

27. भारत की चुनाव प्रक्रिया का वर्णन कीजिए?

अथवा

भारतीय चुनाव आयोग के गठन एवं कार्यों की व्याख्या कीजिए?

28. भारत में चुनाव प्रचार के किन्हीं चार तरीकों के बारे में लिखिए?

अथवा

लोकतंत्रिक चुनाव के लिए आवश्यक शर्तें बताइए?

29.'संसद का कार्य केवल कानून बनाना ही नहीं है।' उपरोक्त कथन के संदर्भ में भारतीय संसद के प्रमुख कार्य लिखिए।

अथवा

भारतीय संसद के उच्च सदन और निम्न सदन की शक्तियों का तुलनात्मक परीक्षण कीजिए?

30.न्यायिक सक्रियता के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं को संक्षेप में बताइए?

अथवा

सर्वोच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार को संक्षेप में समझाइये।

https://www.evidyarthi.in/